भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2166

जिसका उत्तर 12.02.2026 को दिया जाना है

एनएच-66 की सुरक्षा संपरीक्षा

2166. श्री शफी परम्बिल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कासरगोड से तिरुवनंतपुरम तक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-66 के पूरे खंड के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा घोषित सुरक्षा संपरीक्षा की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार एनएचएआई को एमबैंकमेंट्स, जिनके ढहने की संभावना रहती है, के बजाय एलिवेटिड राजमार्गों के निर्माण का निर्देश देने का विचार रखती है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) एनएच-66 में, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पूर्व / वर्तमान मुख्य वैज्ञानिकों, केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई), निदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, प्रोफेसर और सिविल इंजीनियरिंग के प्रमुख, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पलक्कड़ की एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति का गठन किया था, जिन्होंने केरल में एनएच-66 पर चल रही परियोजनाओं में प्रबलित मृदा (आरएस) दीवारों और ढलान संरक्षण कार्यों के सभी असुरक्षित स्थानों का दौरा किया था। विशेषज्ञ समिति ने दिनांक 04.08.2025 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। एनएचएआई उपरोक्त समिति की सिफारिशों के अनुसार कार्रवाई कर रहा है।

कूरियाड और मायलाक्कडू में दो घटनाओं को देखते हुए, यह निर्णय लिया गया है कि आरएस दीवारों के नीचे भार वहन क्षमता को सत्यापित किया जाए और इसका समाधान करने के लिए, एनएचएआई ने एनएच-66 पर 17 परियोजनाओं (कुल 351 संरचनाएं) में प्रत्येक आरएस दीवार अवस्थान पर मिट्टी और स्थल आकलन करने के लिए लगभग 10 भू-तकनीकी जांच एजेंसियों को तैनात किया है। इस कार्य का पर्यवेक्षण पूर्व आईआईटी-दिल्ली के पूर्व प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर और सिविल इंजीनियरिंग, आईआईटी पलक्कड़ के प्रमुख द्वारा किया जा रहा है। परिणामों के आधार पर, प्रत्येक आरएस दीवार का पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा, और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

*****